स्वास्थ्य परिवार
राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
न्यू महरौली रोड, मुनीरका, नई दिल्ली-110067

Gram: SWASTH PARIVAR
NATIONAL INSTITUTE OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
New Mehrauli Road, Munirka, New Delhi-110067

दिनांक : 23 जुलाई, 1992

सेवा में,

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री,
भारत सरकार,
नई दिल्ली-

**विषय: नर्सिंग सेवाओं के संदर्भ में –**

..........

महोदय,

निवेदन है कि नर्सिंग सेवाएं देश के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ढांचे का एक मूलभूत अंग है। किन्तु, खेद का विषय है कि आज तक किसी ने भी इन सेवाओं में सुधार करने का प्रयत्न नहीं किया है। जितनी संख्या में मेडिकल कालेज तथा चिकित्सकों हेतु विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम खोले जाते हैं उसकी तुलना में नर्सिंग की प्रगति नगण्य है।

नर्सिंग अधिकारियों के पास प्राधिकार नाम मात्र के हैं। प्रशासन तंत्र में नर्सों की भूमिका शून्य सी है। फिर कैसे आप देश के स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ करना चाहते हैं। हर कोई सोचता है कि नर्सिंग तो एक निम्न स्तरीय कार्य है तथा इसमें क्या सुधार करना है ? इसी सोच के कारण राष्ट्र की चिकित्सा सेवाएं उन्नत नहीं हो सकी हैं। यदि आप चाहते हैं कि देश की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उन्नत हो तो कृपया नर्सिंग सेवाओं में सुधार हेतु व्यापक कदम शीघ्र ही उठाइये ताकि "सन 2000 ई. तक सबके लिए स्वास्थ्य" का लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी हो। इस हेतु निम्न सुझाव प्रेषित हैं:

1. "केन्द्रीय नर्सिंग संस्थान" (सेन्ट्रल इन्सटीटयूट ऑफ नर्सिंग) की स्थापना शीघ्र हो, जिसमें विशेषीकृत पाठ्यक्रम, प्रशासन, प्रबन्ध तथा शोध पर विशेष बल दिया जाए।
2. नर्सिंग कालेजों मे बी.एससी तथा एम.एससी. नर्सिंग पढ़ाते समय "लोक प्रशासन" तथा "स्वास्थ्य प्रशासन" पर अत्यधिक बल दिया जाय। इस हेतु नर्सिंग कालेजों में लोक प्रशासन के पृथक से व्याख्याता होने चाहिएं।
3. प्रत्येक राज्य में एम.एससी. नर्सिंग तथा विशेषीकृत पाठ्यक्रमों की सुविधा सहित "इन सर्विस ट्रेनिंग " पर बल दिया जाए।
4. नर्सिंग में शोध को प्रोत्साहन दिया जाये।
5. केन्द्रीय स्तर पर नर्सिंग महानिदेशालय तथा राज्य स्तर पर नर्सिंग निदेशालय पृथक से होना चाहिए न कि चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ हो।
6. योजना एवं नीति निर्माण में नर्सों की सहभागिता यथासंभव निर्धारित की जाये। जब तक नर्सों को दीन-हीन समझा जायेगा, उन्नति मुश्किल है।
7. उत्कृष्ट सेवा करने वाले कार्मिकों हेतु पुरस्कारों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

कृ०प०उ०



Scanned with OKEN Scanner

8. सेवारत डिप्लोमा धारी नर्सों हेतु पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम पत्राचार द्वारा शुरू किया जाये ताकि सेवारत नर्सें कार्य करते हुए अपनी योग्यता एवं कुशलता में अभिवृद्धि कर सकें।

9. नर्सों के लिए पदोन्नति के चरण अत्यन्त अल्प मात्रा में है। कृपया पदोन्नति के चरण बढ़ाइये ताकि योग्य नर्सें अभिप्रेरित हो सकें।

**एक निवेदन :–** कृपया उपरोक्त सुझावों पर अमल करने के लिए यथासंभव स्वयं विवेक का उपयोग कीजिए।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय,

S. Kataria

(सुरेन्द्र कुमार कटारिया)
शोध अधिकारी
कमरा नं0 310
शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग

Scanned with OKEN Scanner